अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियां

<u>स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन</u>

दिनांक–03.11.2024 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ के अधीन Widening & Strengthening work of NH-107 Banmankhi Bus Stand to Kachhari Balua via Nagrahi Road for the Year 2019-20)पथ का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निदेश दिये गये:–

उपस्थित पदाधिकारी:–

(1) श्री इरफान अली, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ

(2) श्री राजीव कुमार, सहायक अभियंता,(अनु0), संविदा,पथ अंचल, पूर्णियाँ

(3) श्री फरीद अहमद, सहायक अभियंता(संविदा), पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ

उक्त पथ की लंबाई 10.00 कि0 मी0 एवं चौड़ाई 3.75 मी0 है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक–5201(एस), दिनांक–09.09.2020 द्वारा रू0 2194.08 लाख मात्र है। तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– 1027 अनु0, दिनांक–07.10.2020 द्वारा 2072.91 लाख मात्र के लिए प्रदान किया गया है। उक्त कार्य के एकरारनामा की राशि रू0 1671.52309 लाख मात्र है। इस कार्य के एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि 01.07.2021 एवं समाप्ति की तिथि 30.06.2023 निर्धारित थी। एकरारनामा के तहत उक्त पथ में निम्नलिखित कार्य किया जाना प्रावधानित है:–

ITEM	Target as per agreement	Achievement till 03-11-2024 (Approx)	REMARKS
E/W	8.287 Km	8.20 km	
GSB	9.840 Km	9.8 Km	
WMM	4.355 Km	4.355 Km	
DBM	4.355 Km	4.355 Km	
BC	4.355 Km	4.34 Km	
DLC	5.484 Km	5.284 Km	Widening Portion
PCC	5.484 Km	5.284 Km	Widening Portion
MASTIC ASPHALT	5.484 Km	4.4 km	**Approx 1.05 km MA work not done yet**
CD	4 no.	3 no.	Chainage 2nd km, 7th km and 10th km

उक्त कार्य के प्रारंभ हुए लगभग तीन वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं। तत्पश्चात भी निरीक्षण के दौरान पथ में एकरारनामा के अनुसार प्रावधानित सभी मदों का कार्य पूर्ण नहीं किया जाना **प्रमंडलीय अभियंताओं द्वारा कार्य में अभिरूचि** नहीं लेना दर्शाता है।

P.T.O

Scanned with OKEN Scanner

निरीक्षण के दौरान पथ के 2रे कि0 मी0 में लगभग 350 मी0 में MASTIC ASPHALT का कार्य नहीं किया हुआ पाया गया। साथ ही पथ के 10वें कि0 मी0 में प्रावधानित MASTIC ASPHALT लगभग **700 मी0** में नहीं किया हुआ पाया गया।
निरीक्षण के क्रम में Road Marking का कार्य नहीं किया हुआ पाया गया। साथ ही पथ में कहीं भी कि0 मी0 पोस्ट नहीं पाया गया।
पथ के 8वें कि0 मी0 में अवस्थित सिंचाई विभाग द्वारा निर्मित Sluice gate का पारापेट निरीक्षण के दौरान क्षतिग्रस्त पाया गया। विदित हो उक्त Sluice gate के मरम्मति का निदेश पूर्व में भी अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिया गया था। पुनः निर्देश दिया जाता है कि सिंचाई विभाग के कार्यपालक अभियंता से संपर्क स्थापित कर शीघ्र पारापेट की मरम्मति करा ली जाय, ताकि किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

कार्य की धीमी प्रगति को देखते हुए स्पष्ट होता है कि कार्यपालक अभियंता द्वारा पथों का अनुश्रवण पूर्ण रूप से नहीं किया जा रहा है। कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया जाता है कि उक्त पथ का पूर्ण कार्य इस माह में कराना सुनिश्चित किया जाय।

ह0/–
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 1048 दिनांक– 04/11/2024

प्रतिलिपि :–मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

4-11-24
अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

04/11/24

Scanned with OKEN Scanner